लोक सभा अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जन अभियान चलाए जाने का आह्वान किया

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में तुगलक रोड स्थित भारत -आसियान मैत्री पार्क में एक फलदार वृक्ष का पौधा लगाया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री, श्री अर्जुन मुण्डा और जनरल वी. के. सिंह ; उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, संसद सदस्य, लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और अन्य विशिष्टजनों ने भी पौधे लगाए।

इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में भारत के योगदान के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि विश्व में जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और मानवजाति के लिए सतत पर्यावरण सुनिश्चित करने में भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत के लोग अनादि काल से ही प्रकृति के साथ जुड़े हुए हैं और प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का आधार है।

श्री बिरला ने कहा कि भारत के स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर हमें पर्यावरण संरक्षण को जन अभियान बनाना चाहिए। श्री बिरला ने लोगों से अपील की कि वे फलदार वृक्षों के पौधे लगाने का व्यापक अभियान चलाएं।

संसद सदस्य, श्री राजीव प्रताप रूडी ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।